RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 189 | FRIDAY 17-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## भाई बलदेव व बहन सुभद्रा संग भक्तों के बीच पधारे भगवान जगन्नाथ

### दर्शनों को उमड़ा भक्तों का जन सैलाब




लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। इस्कॉन व भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में श्री दुर्गा माता मंदिर जगराओं पुल के समक्ष से भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का विशाल आयोजन पारम्परिक श्रद्धाभाव के साथ किया गया। भगवान जगन्नाथ जी के विशाल रथ को भव्यता से सजाया गया और रथ को सेवकों की ओर से खूबसूरत फूलों से शोभा बढ़ाई गई। जगन्नाथ सेवकों का जमघट रथ के समक्ष दोपहर से ही लगना शुरू हो गया व दर्शन करने की चाहत लिए सैकड़ों महिलाएं और पुरुषों ने भगवान की प्रतीक्षा में समय बिताया। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की शुरूआत मुख्यतिथि केवल सिंह ढिल्लों प्रधान पंजाब भाजपा ने सोने के झाड़ू के साथ रथ के आगे सफाई कर की।

-संबंधित खबर पेज 04 और 05 पर

## यूके की महिला बनकर 13.10 लाख की साइबर ठगी, जिम्बाब्वे और नाइजीरिया के दो विदेशी आरोपी गिरफ्तार

कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/16 जुलाई। पंचकूला पुलिस ने फर्जी फार्मा बिजनेस में तीन गुना मुनाफे का झांसा देकर 13.10 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले जिम्बाब्वे और नाइजीरिया के दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पांच दिन के पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से 11 मोबाइल फोन और 7 पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। रिमांड समाप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस आयुक्त पंकज नैन के निर्देश पर साइबर क्राइम थाना पंचकूला की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।



## लुधियाना वेरका प्लांट ब्लास्ट मामले में मानवाधिकार आयोग ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। लुधियाना में करीब 9 महीने पहले वेरका मिल्क प्लांट में हुए भीषण विस्फोट में एक कर्मी की मौत होने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए लुधियाना पुलिस कमिश्नर को आरोपों की जांच कर 17 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। मामले में लापरवाही, सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और विभागीय चार्जशीट का सामना कर चुके एक अधिकारी को बाद में पदोन्नति दिए जाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह हादसा 22 अक्टूबर 2025 को पंजाब




स्टेट कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स फेडरेशन (मिल्कफेड) के अधीन संचालित लुधियाना स्थित वेरका डेयरी प्लांट में ट्रायल रन के दौरान हुआ था। विस्फोट में एयर हीटर सेक्शन के इंचार्ज 43 वर्षीय कुनाल जैन की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य कर्मचारी घायल हुए थे।

## नगर कौंसिल चुनाव में जमकर हंगामा, कांग्रेसी पार्षद और आप वर्करों में मारपीट, बाजवा ने आप पर लगाए आरोप

पंजाब/यूटर्न/16 जुलाई। गुरदासपुर में कादियां नगर कौंसिल प्रेसिडेंट पद के चुनाव में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट का पद जीता। जबकि, स्थानीय कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने चुनाव प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए इसे रद्द कराने के लिए अदालत जाने की बात कही है। चुनाव से पहले आप और कांग्रेस के पार्षदों के बीच झड़प हुई। कांग्रेस पार्षद को पकड़कर पीटा गया। आप नेताओं ने एक कांग्रेस पार्षद को बीच सड़क जमकर पीटा। यह घटना नगर कौंसिल कार्यालय पहुंचने से पहले रास्ते में हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। हंगामे के बीच ही नगर कौंसिल के प्रेसिडेंट का चुनाव संपन्न हुआ। आप के हलका इंचार्ज गुरइकबाल सिंह माहल ने दावा किया कि कुल 15 पार्षदों में से उनके उम्मीदवारों को प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट पद के लिए 8 वोट मिले। इसके साथ ही पलविंदर कौर को प्रेसिडेंट और गुरदिलबाग सिंह को वाइस प्रेसिडेंट चुना गया, जो दोनों आप से संबंधित हैं। इस घटना पर पंजाब कांग्रेस प्रधान राजा वड़िंग भी भड़क गए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जो हुआ, वह लोकतंत्र के बेहद खतरनाक है। उन्होंने पंजाबी कहावत भी बोली- कदे आप



### कदे आप दियां, तो कदे बाप दियां - राजा वड़िंग

पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि कादियां में सत्ता हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी सरकार साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना रही है। नगर काउंसिल प्रधान के चुनाव में कांग्रेस के दो पार्षदों को जमानत मिलने के बावजूद हिरासत में रखा गया, जिससे वे मतदान नहीं कर सके। जब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ही वोट डालने के लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित किया जाता है, तो यह सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि लोकतंत्र पर सीधा हमला है। चुनाव के दौरान जो कुछ हुआ, वह पंजाब के लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक है। लोकतंत्र का गला घोंटने वालों को जनता समय आने पर करारा जवाब जरूर देगी। बख्शा नहीं जाएगा। कदे आप दियां, तो कदे बाप दियां।

# पीएम मोदी आज पीजीआई में 1200 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

## उत्तर भारत को मिलेगी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की सौगात

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ में लगभग 1,200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर (एएनसी) और एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर (एएमसीसी) का उद्घाटन करेंगे, जबकि क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) की आधारशिला भी रखेंगे।

इन परियोजनाओं से चंडीगढ़ के अलावा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और अन्य पड़ोसी राज्यों के लाखों मरीजों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।





### विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ेगी

पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने कहा कि ये परियोजनाएं देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम हैं। उन्होंने कहा कि पीजीआई आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना हर मरीज को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और नई परियोजनाओं के शुरू होने से संस्थान की उपचार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत भी मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहेंगी।

### महामारी से मिली सीख, बनेगा नया क्रिटिकल केयर ब्लॉक

प्रधानमंत्री इस अवसर पर क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखेंगे। प्रो. विवेक लाल ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने मजबूत क्रिटिकल केयर व्यवस्था की आवश्यकता को स्पष्ट किया था। नया ब्लॉक गंभीर मरीजों को समय पर आईसीयू और वेंटिलेटर सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 400 से अधिक बेड वाला होगा एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर

नया एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर देश की सबसे आधुनिक न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य सुविधाओं में शामिल होगा। यहां अत्याधुनिक जांच उपकरण, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, समर्पित आईसीयू और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होंगी। प्रो. विवेक लाल ने बताया कि वर्ष 1967 में पीजीआई में न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी की शुरूआत केवल 50 बेड से हुई थी, जबकि नए सेंटर के साथ यह क्षमता बढ़कर 400 से अधिक बेड हो जाएगी। इससे स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ की बीमारियों, मिर्गी, ट्रॉमा और अन्य जटिल न्यूरोलॉजिकल रोगों के इलाज में बड़ी सुविधा मिलेगी।

### माताओं और नवजातों के लिए आधुनिक सुविधाएं

एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर में गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए समग्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसमें आधुनिक लेबर रूम, विशेष नवजात आईसीयू, मातृ एवं शिशु गहन चिकित्सा इकाइयां और अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। निदेशक ने कहा कि यह केंद्र मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देगा।

### 'सारथी' पहल का भी किया जिक्र

प्रो. विवेक लाल ने पीजीआई की 'सारथी' पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से हजारों युवा स्वयंसेवक मरीजों की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि करुणा और संवेदनशीलता भी इसका अहम हिस्सा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ पीजीआईएमईआर उत्तर भारत में उन्नत, किफायती और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के नए युग में प्रवेश करेगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि ये परियोजनाएं चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और सुपर स्पेशियलिटी उपचार के क्षेत्र में पीजीआई की भूमिका को और मजबूत करेंगी।



### हर साल 30 लाख मरीज पहुंचते हैं पीजीआई

पीजीआईएमईआर में हर वर्ष लगभग 30 लाख मरीजों का पंजीकरण होता है, जबकि प्रतिदिन 10 से 15 हजार ओपीडी मरीज उपचार के लिए आते हैं।

प्रो. विवेक लाल ने कहा कि बढ़ती मरीज संख्या संस्थान पर बोझ नहीं, बल्कि लोगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है।

*'समाधान मरीजों की संख्या कम करना नहीं, बल्कि बढ़ती जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य अवसंरचना का विस्तार करना है।'*

*— प्रो. विवेक लाल*


### ट्रांसप्लांट और डिजिटल हेल्थ में भी अग्रणी

पीजीआईएमईआर में अब तक 5,500 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं। इसके अलावा लिवर, हृदय, फेफड़े और कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिनमें से कई सेवाएं आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क दी जा रही हैं। संस्थान ने 40 लाख से अधिक टेलीमेडिसिन परामर्श भी प्रदान किए हैं और देशभर के 250 से अधिक चिकित्सा संस्थानों को डिजिटल माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रमों से जोड़ा है।



# लोहा कारोबारी को माल दिलाने की एवज में लुधियाना-मंडी गोबिंदगढ़ के दो दलाल भाइयों ने कर डाला जीएसटी फ्रॉड, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। लुधियाना और मंडी गोबिंदगढ़ के दो दलाल भाइयों ने लोहा कारोबारी को माल दिलाने की एवज में बिलों में हेरफेर करके बड़े स्तर पर जीएसटी का हेरफेर कर डाला। यह आरोप लोहा कारोबारी द्वारा पुलिस को दी शिकायत में लगाए गए हैं। जिसके चलते उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने सात महीनों की जांच के बाद कार्रवाई की है। थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस ने धुरी लाइन नानकपुरी के रहने वाले लवली कालड़ा की शिकायत पर मुड़ियां कलां के संदीप कुमार और मंडी गोबिंदगढ़ के मनदीप कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता




ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे लोहा कारोबारी है। उक्त दोनों आरोपी संदीप और मनदीप कुमार सगे भाई है। वे दलाली का काम करते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे अपनी फर्म के लिए लोहा चाहिए होता था। जिसके चलते वह उक्त ऑर्डर आरोपियों को दे देता था। इसी तरह उसने साल 2022 से लेकर 2024 तक आरोपियों के साथ व्यापार किया। इस समय के दौरान आरोपियों ने अलग अलग समय में कई फर्मों का माल शिकायतकर्ता को भेजा गया। जिस संबंधी शिकायतकर्ता ने पक्के बिल भी दिए और बकायदा जीएसटी भी अदा करता रहा। लेकिन आरोपियों द्वारा जीएसटी में बड़ी मात्रा में हेरफेर किया जा रहा था। जब शिकायतकर्ता को इस संबंधी पता चला तो उसने आरोपियों के साथ व्यापार करना बंद कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने मिलकर बिलों में हेरफेर करके उसके साथ और सरकार के साथ जीएसटी संबंधी बड़े स्तर पर धोखाधड़ी की है। जिसकी जांच में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

# सेक्टर-43 की ग्रीन बेल्ट में हुआ पौधारोपण, पार्षद प्रेमलता बोलीं- हर दिन पार्कों में लगाए जाएंगे पौधे



चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण और शहर को अधिक हरित बनाने के उद्देश्य से सेक्टर-43 की ग्रीन बेल्ट में बुधवार को भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्रीय पार्षद प्रेमलता ने औषधीय गुणों से भरपूर नीम का पौधा लगाकर की। उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में सेक्टरवासियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 189 | FRIDAY 17-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



राजमार्ग का देखिए, कितना खस्ता हाल।
दोनों हाथों से मगर, टोल ऐंठते माल।
टोल ऐंठते माल, खोलकर बैठे अड्डे।
टूटी-फूटी रोड, पड़ चुके ढेरों खड्डे।
कह साहिल कविराय, रोज ये दरें बढ़ाते।
पैच-वर्क तक नहीं, नहीं गड्ढे भरवाते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# आखिर किस-किस की जेब में गए अवैध बिल्डिंग बनवाने के लाखों रुपए, अफसरों के नाम समेत उच्च अधिकारियों को दिया एफिडेविट, कई नामों से उठेगा पर्दा

## चार्जशीट के ऑर्डरों के बावजूद जोन-ए में सेवाए दे रहे है इंस्पेक्टर मक्कड़

लुधियाना/यूटर्न/15 जुलाई। लुधियाना नगर निगम जोन-बी के अधीन आते सुंदर नगर इलाके की बिल्डिंग का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। दो दिन पहले ही बिल्डिंग ब्रांच के इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सोनी को सस्पेंड किया गया। चर्चा है कि उन पर सुंदर नगर में अवैध बहुमंजिला बिल्डिंग बनवाने के मामले में कार्रवाई हुई है। अब इस मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए है। चर्चा है कि इस बिल्डिंग को बनवाने में असली खेल इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सोनी द्वारा नहीं बल्कि किसी और अधिकारी ने किया था। कांग्रेस पार्षद अरुण शर्मा ने आरोप लगाए कि खेल करने वाले अधिकारियों द्वारा बिल्डिंग बनवाने को लाखों रुपए लिए थे। निर्माण कार्य पूरा भी हो गया। लेकिन इस बीच ब्लॉक का चार्ज सोनी के पास आ गया और वह भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद मामला बढ़ गया। हालाकि इस मामले में उक्त लाखों रुपए में कई अफसरों को हिस्सा मिलने की चर्चाए है। इस संबंधी मिलीभगत करने वाले अफसरों के नाम समेत एक एफिडेविट उच्च अधिकारियों को दिया गया है। निगम हाउस मीटिंग में यह मुद्दा गरमा सकता है। पूरे मामले में किंगपिन कोई और है, पैसों की बंदरबाँट किसी और में हुई और बली का बकरा कोई और बन गया। अब उन अफसरों के नामों को लेकर शहर में चर्चा छिड़ी हुई है। बेशक इंस्पेक्टर सोनी बली का बकरा बने। लेकिन उनके खिलाफ भी कई शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंची थी।




### सोनी पर पहले भी लग चुके गंभीर आरोप

बेशक इस मामले में इंस्पेक्टर दिलीप सोनी का रोल कम बताया जा रहा है, लेकिन कई और मामलों में उन पर गंभीर आरोप लगे थे। उन पर जोन-सी अधीन लोहा मार्केट में एक फर्म की इमारत गलत कंपाउंड करने के आरोप लगे। ब्लॉक-21 के न्यू जनता नगर के रिहायशी एरिया में कमर्शियल इमारत कंपाउंड की। लोहारा में एक अवैध स्कूल बनवाने के मामले में नोटिस जारी हुआ। रमन स्टील फर्म की गलत कंपाउंडिंग का मामला पूर्व कमिश्नर तक पहुंचा था। उन्होंने एमटीपी, एटीपी व इंस्पेक्टर को बुलाकर झाड़ लगाई थी। इसके बाद पूर्व कमिश्नर ने इंस्पेक्टर सोनी खिलाफ एक्शन के लिए लोकल बॉडी सेक्रेटरी को लिखा था। जनकपुरी में भी पांच अवैध दुकानों को नोटिस जारी कर कार्रवाई नहीं की।

### चार्जशीट के बावजूद सेवाए दे रहे इंस्पेक्टर मक्कड़

पूर्व कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल द्वारा इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई शुरू की थी। उन्हें अवैध निर्माण को बढ़ावा देने और कार्रवाई न करने पर चार्जशीट करने के आदेश हुए। कमिश्नर का तबादला होने पर एक महीने से कार्रवाई बीच में लटकी है। इंस्पेक्टर मक्कड़ पर इतने गंभीर आरोप है। जिसके बावजूद वह निगम जोन-ए में बतौर इंस्पेक्टर अपनी सेवाए दे रहे है। लोगो का कहना है की अगर एक अधिकारी पर पहले ही अवैध निर्माण के आरोप लगे है तो वह आगे कैसे ईमानदारी से काम करेगा। चर्चा है कि उच्च अफसरों के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग है।

### कई सीलें खुलवा चुका बाहुबली अधिकारी

चर्चा है की जिस अधिकारी ने बिल्डिंग बनवाने में किंगपिन के तौर पर भूमिका निभाई वे पहले जोन-ए में एटीपी नियुक्त रह चुके है। हालाकि बाद में उनका तबादला हो गया। लेकिन अब दोबारा चार्ज मिलते ही उन्होंने सबसे पहले भदौड़ हाउस वाली बिल्डिंग की सील खुलवाई। जिसमें सील खोलने का आरोप पूर्व महिला कमिश्नर पर लगाया। अब यह तो महिला कमिश्नर और उक्त अधिकारी ही बता सकते है की आखिर किसके दबाव में सील खोली गई थी। उक्त अफसर ने अपनी छत्रछाया में पुरानी कोतवाली में बिना रोकटोक बेसमेंट सहित पाँच मंज़िला बिल्डिंग बनवाई और चाँद सिनेमा रोड पर मरवाहा मेन्स वियर का इलीगल शोरूम बनवाया। इस अधिकारी के कारनामों को बिल्डिंग ब्रांच के उच्च अधिकारी भी अच्छे से वाकि फ है। लेकिन बस आपसी सहमति के चलते हमेशा मामले दबाए जाते है।

### बंदरबांट में एक और नामी अधिकारी शामिल

वहीं चर्चा है कि उक्त बिल्डिंग निर्माण में किंगपिन तो पूर्व एटीपी थे, जबकि उस समय चार्ज किसी और विवादित इंस्पेक्टर के पास था। उक्त पूर्व एटीपी ने बिचौला बनकर इंस्पेक्टर और बिल्डिंग मालिक का समझौता कराया। जिसके बाद पैसों की बंदरबांट हुई। चर्चा है कि पैसों की इस बंदरबांट में एक राजनेता भी शामिल है। राजनेता के पूर्व करीबी द्वारा एक वीडियो जारी कर उक्त इंस्पेक्टर द्वारा राजनेता को पैसा पहुंचाने के आरोप भी लगाए गए थे। पार्षद अरुण शर्मा अनुसार चर्चा है कि उक्त अधिकारी ने सुंदर नगर की अवैध बिल्डिंग अकेले अपने दम पर नहीं बनवाई, बल्कि कई उच्च अधिकारियों की मिलीभगत थी। अब शोर पड़ने पर सभी फसने की कगार पर है। जल्द ही इन अफसरों के नाम से पर्दा उठेगा।

FOR SALE

PRELEASED WAREHOUSE

JALANDHAR

AREA: 6500 SQ.FT.

ROI: 9%

LEASE TENURE: 9 YEARS

WHATSAPP/CALL 9810004385/9888000916

## राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा बठिंडा में जनसुनवाई आयोजित

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/16 जुलाई। राष्ट्रीय महिला आयोग (एन सी डब्ल्यू) की माननीय अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने आज 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' अभियान के तहत बठिंडा में जनसुनवाई की। श्रीमती रहाटकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं को न्याय सुलभ, संवेदनशील और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन अपराध तथा महिलाओं से जुड़े अन्य मामलों की सुनवाई की गई।



# रंग-बिरंगी रंगोलियों एवं लाइटों से सजा था पूरा यात्रा मार्ग

## रथयात्रा के माध्यम से लोगों में अथाह भक्ति भाव व धर्म के प्रति कर्तव्यों का अहसास हुआ : केवल सिंह ढिल्लों










लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। इस्कॉन व भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में श्री दुर्गा माता मंदिर जगराओं पुल के समक्ष से भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का विशाल आयोजन पारम्परिक श्रद्धाभाव के साथ किया गया। भगवान जगन्नाथ जी के विशाल रथ को भव्यता से सजाया गया और रथ को सेवकों की ओर से खूबसूरत फूलों से शोभा बढ़ाई गई। जगन्नाथ सेवकों का जमघट रथ के समक्ष दोपहर से ही लगना शुरू हो गया व दर्शन करने की चाहत लिए सैकड़ों महिलाएं और पुरुषों ने भगवान की प्रतीक्षा में समय बिताया। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की शुरूआत मुख्यतिथि केवल सिंह ढिल्लों प्रधान पंजाब भाजपा ने सोने के झाड़ू के साथ रथ के आगे सफाई कर की। अपने संबोधन में केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि कमेटी पिछले 29 वर्षों से महानगर में भगवान जगन्नाथ रथयात्राओं का आयोजन कर रही है, जिससे महानगर में भक्ति भाव उजागर हुआ है। जो शहर हमेशा इंडस्ट्री व व्यापार की दोड़ धूप में लगा रहता था, उसे अथाह भक्ति भाव व धर्म के प्रति कर्तव्यों का अहसास हुआ है।

इस दौरान स्वागती मंच से संबोधित करते हुए इस्कॉन कुरुक्षेत्र अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास, इस्कॉन लुधियाना अध्यक्ष नरोत्तम नंद दास ने कहा कि शास्त्रो में वूणत है कि जो जीव जगन्नाथ जी के रथ के दर्शन करता है और भगवान की आरती करता है व छप्पन भोग भेंट करता है, उसके जीवन में सभी कष्टों का अंत होता है और अंत में भगवद धाम की प्राप्ति होती है। शाम 4 बजे जैसे ही भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा जी के श्रीविग्रहों को रथ पर सवार किया गया तो सभी ओर जयकारों की गूंज सुनाई दी। महिला व पुरु ष श्रद्धालुअ रथ के रस्से को खींचकर रथयात्रा मार्ग पर चलने लगे। रथयात्रा में विशेष तौर पर दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन विजय दानव, एडवोकेट

- भगवान जगन्नाथ जी के दर्शनों को उमड़ा भक्तों का सैलाब
- यात्रा मार्ग में कहीं आरती, कहीं पुष्प वर्षा तो कहीं भंडारे लगाकर भक्तों ने किया रथयात्रा का भव्य स्वागत




बिक्रम सिंह सिद्धू, राशि अग्रवाल, भूपिंदर सिंह बसंत, अनूप थापर, कंवल पाहवा, लीना टपारिया, पार्षद पति मनु जैरथ, रिंकू पायलट, मुकेश घई, सुनील भल्ला रोमी आदि शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ जी का आशीर्वाद लिया। मार्ग में श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्धपीठ) के अश्वनी ग्रोवर, बृज मोहन ढींगरा, विशाल अवस्थी परिकर, इस्कॉन जनपथ, इस्कॉन सिविल लाइंस के वैष्णव वृंदों, वृंदावन से परशुराम, लीजा डावर आदि ने संकीर्तन किया। मार्ग में आरती स्टील, होटल महाराजा रिजेंसी, जिला बार एसोसिएशन, टैक्सेशसन बार एसो., लुधियाना क्लब, क्लब, न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, लुधियाना ज्यूलर्ज एसोसिएशन सहित कई संगठनों व श्रद्धालुओं की ओर से विशाल स्वागती मंच लगाए गए। रास्ते में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा, आरतियां, छप्पन भोग से रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। रथयात्रा का समापन फिरोजपुर रोड पर शहंशाह पैलेस के सामने हुआ। जहां पर भगवान जगन्नाथ जी को छप्पन भोग लगाए गए और बड़ी ही देवतुल्य आरती की गई। इस अवसर पर कमेटी के चेयरमैन राजेश ढांडा, प्रधान सतीश गुप्ता, महासचिव एडवोकेट संजीव सूद बांका, सचिव अनिल सलूजा, सुखदर्शन जैन भोला, मदन गोयल, दर्शन लाल लड्डू, विपन सूद काका, राजिन्द्र छाबड़ा ओटाया, हरीश जैरथ बिट्टू, डा. अश्वनी गुप्ता, कैलाश लड्ढा, सतीश वर्मा, राजीव वर्मा, अरुण वर्मा, संजय जैन बरनाला, अश्वनी जैन बरनाला, केशव गुप्ता, सुरिन्द्र नैय्यर बिट्टू, संजीव गुप्ता स्टॉक एक्सचेंज, राजेश जैन बॉबी, बिट्टू गुम्बर, हनी वर्मा, लोकेश सूद, बसंत कुमार, पार्षद प्रदीप शर्मा गैबी, वरिन्द्र शर्मा बॉबी, अवी मल्होत्रा, बनवारी हरजाई, गोल्डी सभ्रवाल, अभय सूद काका, अमर सचदेवा, लक्की चोपड़ा, मुनीश महाजन, नरेश देवगण, हनी वर्मा, वरिंदर शर्मा बॉबी, देवनाथ, केशव गुप्ता, मधुसूदन सूद, कैलाश लड्ढा, भूषण गोरा, वासु निझावन आदि उपस्थित थे।

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India





पेज 12 15 दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो, सड़कों पर...


# रथयात्रा के समापन पर भगवान जगन्नाथ जी की महाआरती में दिखे अद्भुत नजारे





































# भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा के श्री विग्रहों की महाआरती व दिव्य दर्शन करवाए गए




लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। श्री राधा रानी फूल बंगला उत्सव कमेटी के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा से पूर्व गुरुवार प्रातः होटल महाराजा रीजैंसी में भगवान जगन्नाथ जी, भाई बलदेव जी एवं बहन सुभद्रा जी के दिव्य श्री विग्रहों का भव्य श्रृंगार कर उन्हें श्रद्धापूर्वक सुशोभित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की भावपूर्ण आरती कर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चना से हुई। कमेटी के प्रमुख वरिन्द्र गुप्ता राजू, शाम लाल कपूर, राज कुमार वर्मा, जगमोहन काला, परवीन मुकीम, अभिषेक सिंगला, राजीव कांसल, हर्षित अग्रवाल, अशोक बांसल, नरेश सिंगला, नंदी गुप्ता, रमन अग्रवाल, संजय बांसल, धर्मेन्द्र कपिला, सत्प्रकाश, गगन ओबेरॉय, चेतन चौधरी सहित अन्य गणमान्य श्रद्धालुओं ने भगवान का पूजन कर आरती की। कमेटी प्रमुख सेवक वरिन्द्र गुप्ता राजू ने कहा कि पिछले कई वर्षों से कमेटी भगवान जगन्नाथ जी के हजारों श्रद्धालुओं को दर्शन करवाने

# पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ में एक की मौत, करीब 100 घायल



चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। गुरुवार को ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति पैदा होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 100 श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना 'बड़ा डंडा' (ग्रैंड रोड) पर हुई, जहाँ भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचे जाने का नजारा देखने के लिए लाखों श्रद्धालु जमा हुए थे।

शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, भारी भीड़ के बीच सांस लेने में गंभीर दिक्कत का सामना कर रहे एक श्रद्धालु को पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना के दौरान करीब 100 श्रद्धालु घायल हुए या उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हुईं, जिनमें से लगभग 50 लोगों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया। घटनास्थल की तस्वीरों में घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल ले जाते हुए देखा गया, जबकि अफरातफरी और घबराहट के माहौल के बीच इलाके में चप्पलें, बैग और अन्य सामान बिखरे पड़े थे। भगदड़ की सही वजह का अभी आधिकारिक तौर पर पता नहीं चल पाया है। अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं और आगे की जानकारी का इंतजार है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मौत पर दुख व्यक्त किया और राज्य सरकार से भीड़ के उचित प्रबंधन के जरिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पटनायक ने '' पर लिखा, ₹रथ यात्रा के दौरान बड़ा डंडा में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति और सौ से अधिक घायल श्रद्धालुओं के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। दुख की इस घड़ी में, बीजू जनता दल के सभी कार्यकर्ता सभी की मदद के लिए पूरा सहयोग देंगे। मुझे उम्मीद है कि राज्य सरकार भीड़ का उचित प्रबंधन करके श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

# दिव्य सिद्ध श्री बालाजी दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब





लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम, शंकराचार्य नगर में साप्ताहिक संध्या चौंकी का भव्य एवं दिव्य आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दिव्य सिद्ध दरबार में विराजमान श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संध्या चौंकी में प्रसिद्ध भजन गायक राजवीर राज (बरनाला) ने अपनी मधुर वाणी से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर ₹जय श्री बालाजी₹ एवं ₹जय श्री राम₹ के जयघोषों से गूंज उठा। मंदिर प्रबंधक कमेटी की ओर से राजवीर राज एवं उनकी पूरी टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्री सालासर धाम एवं श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम के पावन छिटे श्रद्धालुओं पर किए गए तथा श्री बालाजी महाराज के समक्ष पवित्र ध्वज फहराकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। अंत में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ संध्या चौंकी का विधिवत समापन हुआ तथा सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन मंदिर के उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि आज सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर की ख्याति पूरे विश्वभर में फैल चुकी है। प्रतिदिन दूर-दराज के राज्यों एवं विदेशों से श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लगकर दिव्य सिद्ध दरबार में विराजमान भगवान श्री बालाजी महाराज के दर्शन करते हैं, अपनी अर्जी लगाते हैं तथा श्रद्धापूर्वक सवा मनी का भोग अर्पित करते हैं। श्री बालाजी महाराज की असीम कृपा से हजारों भक्त अपनी झोली मुरादों से भरकर लौटते हैं, जिसकी साक्षी प्रतिदिन मंदिर में उमड़ने वाली विशाल श्रद्धालुओं की भीड़ स्वयं है। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान, सौरव जैन, सोमनाथ मड़कन, ज्योति गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविंद टिल्लू, नरिंदर नथानी, राहुल हांडा, संदीप पब्बी, सतीश डंग, रोहित डंग, पुनीत शर्मा, संदीप धमीजा, भारती सोनी, वेद लूथरा, अनिल जैन, गीतांश गांधी, देवांश जैन, अश्वनी मग्गू, सन्नी सतीजा, प्रतीक सोहर, विवेक शर्मा, मनीष अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ में श्रद्धा और भक्ति के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा



चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। उत्कल सांस्कृतिक संघ की ओर से जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-31 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शहर में धूमधाम के साथ निकाली गई। फूलों और मालाओं से सजे भगवान जगन्नाथ ऐसे लग रहे थे, मानो उनका साक्षात अवतरण हुआ हो। रथयात्रा के दौरान उत्कल सांस्कृतिक संघ के पदाधिकारी इस्कॉन और श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के संन्यासी और भक्त कीर्तन करते रथयात्रा में चल रहे थे। रथयात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। श्रद्धालु रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्री जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए व उनका गुणगान करते हुए चल रही थी। शहर के विभिन्न सेक्टरों से आए भक्त भगवान की रथयात्रा में शामिल हुए पूरे मार्ग में 'जय जगन्नाथ' और 'हरे कृष्ण' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। रथयात्रा के मुख्य राजा डॉ. देबादत्ता पानिग्रही जी ने 'छेरा पहरा' (सोने की झाड़ू से रथ साफ करना) की रस्म निभाई और भगवन का आशीर्वाद लिया। भगवान जगन्नाथ की पूजा- अर्चना के बाद दोपहर 1 बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा की शुरूआत हुई। मुख्य (अतिथि चीफ गेस्ट माननीय श्री दीप्रवा लकड़ा, आईएएस वित्त सचिव चंडीगढ़ प्रशासन (यूटी) तथा श्याम लाल बंसल मेयर पंचकूला ने सांझे रूप में भक्तों के साथ जगनाथ यात्रा में भगवान का आशीर्वाद लिया व यात्रा का शुभारंभ किया। इसके अलावा पद्म श्री प्रो. (डॉ.) दिगंबर बेहरा, पूर्व डीन (अनुसंधान) एवं पूर्व अध्यक्ष, पल्मोनरी मेडिसिन विभाग पीजीआईएमईआर पीजीआई , माननीय प्रो. (डॉ.) राधा कांत राठो डीन (अकादमिक) पीजीआई, डॉ. सुशांत कुमार साहू एसोसिएट प्रोफेसर, न्यूरोसर्जरी विभाग पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ ० श्मनोज कुमार महापात्र आदि भी विशेष तोर पर मौजूद रहे। इस मौके पूरा शहर जय जगन्नाथ की जयघोष से गूंज उठा। यात्रा में रथ की रस्सी खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यात्रा के साथ भक्त नाचते-गाते हुए चल रहे थे। भगवान रथ में सवार थे और भक्त उनकी मस्ती में झूम रहे थे।

# इनकम टैक्स विभाग का बड़ा फैसला: विदेशी खातों और संपत्ति की जानकारी अब सीधे दिखेगी आपके AIS में

नई दिल्ली/लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने टैक्स चोरी रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक बेहद अहम आदेश जारी किया है। इस नए आदेश के तहत अब विदेशों से मिलने वाली वित्तीय जानकारी (जैसे विदेशी बैंक खाते, निवेश और संपत्ति) को सीधे करदाताओं के वार्षिक सूचना विवरण यानी Annual Information Statement (AIS) (फॉर्म नंबर 168) में अपलोड किया जाएगा।

इस पूरे मामले पर लुधियाना के जाने-माने वकील करन चावला (Karan Chawla, Advocate) ने कहा, 'सरकार का यह कदम टैक्स व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाएगा। अब करदाताओं के लिए अपनी विदेशी संपत्तियों या आय को छिपाना नामुमकिन हो जाएगा, क्योंकि यह डेटा सीधे उनके अकाउंट में दिखाई देगा। टैक्सपेयर्स को अब अपने रिटर्न दाखिल करते समय और भी सावधानी बरतनी होगी ताकि उनके घोषित रिटर्न और AIS के आंकड़ों में कोई विसंगति न हो।'



### क्या है CBDT का नया आदेश?

सीबीडीटी (CBDT) द्वारा 8 जुलाई 2026 को जारी आदेश (F.No. 225/73/2025-ITA-II) के अनुसार, यह फैसला इनकम टैक्स एक्ट 2025 की धारा 239 और इनकम टैक्स रूल्स 2026 के नियम 245(2) के तहत लिया गया है। इस आदेश के तहत दिल्ली के डायरेक्टर जनरल ऑफ इनकम-टैक्स (सिस्टम्स) को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे ऑटोमैटिक एक्सचेंज ऑफ इंफॉर्मेशन (AEOI) फ्रेमवर्क के जरिए मिलने वाली सभी जानकारियों को करदाताओं के AIS (फॉर्म नंबर 168) में अपडेट करें।

### 90 दिनों के भीतर अपलोड होगी जानकारी

इस आदेश में समय सीमा को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। सरकार को विदेशी समझौतों के तहत जो भी वित्तीय जानकारी प्राप्त होगी, उसे प्राप्त होने वाले महीने की समाप्ति से 90 दिनों के भीतर डायरेक्टर जनरल (सिस्टम्स) को AIS में अपलोड करना होगा। इसके अलावा, इस जानकारी को अपलोड करने की प्रक्रिया, फॉर्मेट और स्टैंडर्ड तय करने का अधिकार भी डायरेक्टर जनरल (सिस्टम्स), दिल्ली को दिया गया है।

### क्या होता है AEOI फ्रेमवर्क?

ऑटोमैटिक एक्सचेंज ऑफ इंफॉर्मेशन (AEOI) एक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था है, जिसके तहत भारत का दुनिया के कई देशों के साथ समझौता है (जैसे स्विस बैंक या अन्य विदेशी वित्तीय संस्थान)। इस समझौते के तहत संबंधित देश वहां मौजूद भारतीय नागरिकों के बैंक खातों, वित्तीय लेनदेन और निवेश की जानकारी भारत सरकार के साथ साझा करते हैं।

### करदाताओं पर क्या होगा असर?

अधिवक्ता करन चावला के अनुसार, इस नए नियम के लागू होने के बाद करदाताओं को निम्नलिखित बातों का खास ध्यान रखना होगा:

**डेटा का मिलान:** टैक्स रिटर्न भरते समय अपने AIS (फॉर्म 168) की जांच जरूर करें। अगर कोई विदेशी आय या खाता है, तो सुनिश्चित करें कि वह रिटर्न में घोषित हो।

**सटीक जानकारी:** यदि AIS में दिखाई दे रही विदेशी संपत्ति की जानकारी गलत है, तो समय रहते उस पर फीडबैक देना होगा।

**टैक्स चोरी पर लगाम:** विदेशी खातों में अघोषित धन रखने वालों पर अब सरकार की सीधी नजर रहेगी।

सीबीडीटी का यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है और इसकी प्रतियां सभी संबंधित विभागों, मंत्रालयों और आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध करा दी गई हैं।

# यूपी में सड़क हादसे में लुधियाना के 3 लोगों की मौत, निमार्णाधीन हाईवे पर स्कॉर्पियो की कैंटर से हुई टक्कर

माछीवाड़ा साहिब/यूटर्न/16 जुलाई। उत्तर प्रदेश में हुए एक सड़क हादसे में लुधियाना के माछीवाड़ा इलाके के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा बरेली शहर के पास सुबह करीब साढ़े 7 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि सभी लोग उत्तर प्रदेश से माछीवाड़ा लौट रहे थे। मृतकों की पहचान माछीवाड़ा के गांव इराक निवासी आढ़ती और शेलर मालिक संतोख सिंह बाजवा (65), हादीवाल निवासी हरजीत सिंह (60) और भूपिंदर कौर के रूप में हुई है। हादसे में आढ़ती मुकंद सिंह बेनीपाल और लाडी सिंह जख्मी हुए हैं। दोनों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुकंद सिंह बेनीपाल लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) में खेती करते हैं और उनका कारोबार माछीवाड़ा में भी है। संतोख सिंह बाजवा और हरजीत सिंह उनके रिश्तेदार थे, जो उनसे मिलने के लिए उत्तर प्रदेश गए थे।



मृतक भूपिंदर कौर की फाइल फोटो



मृतक संतोख सिंह बाजवा की फाइल फोटो



मृतक हरजीत सिंह की फाइल फोटो

### स्कॉर्पियो और कैंटर में आमने-सामने हुई टक्कर

वीरवार सुबह मुकंद सिंह बेनीपाल अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में सभी लोगों को लेकर यूपी से माछीवाड़ा लौट रहे थे, तभी बरेली शहर के पास निर्माणाधीन हाईवे पर उनकी गाड़ी की एक कैंटर से आमने-सामने टक्कर हो गई। बरेली के नवाबगंज थाने की पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उनकी मौत की खबर माछीवाड़ा स्थित उनके घरों तक पहुंचते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को माछीवाड़ा लाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## जैन मिलन संघ, शिवपुरी की बैठक संपन्न



लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। आज जैन स्थानक, शिवपुरी में जैन मिलन संघ, शिवपुरी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्री नरेश कुमार जैन (मुनहानी) को जैन मिलन संघ, शिवपुरी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख सदस्यों में श्री अभिनंदन जैन, श्री सतीश जैन (बब्बी), श्री अशोक जैन, श्री देवेंद्र जैन, श्री विक्रांत जैन, श्री राजीव जैन, श्री रूबी जैन, श्री नरेश भाभू, श्री राकेश डी.पी., श्री आदिश जैन, श्री सुशील जैन, श्री राजेश जैन (मौला) एवं श्री संजीव जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नरेश कुमार जैन (मुनहानी) को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन की कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं का सम्मान



लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। लुधियाना डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन (सेल्स टैक्स), लुधियाना की स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा आयोजित कैरम एवं शतरंज टूर्नामेंट 2026-27 का ग्रैंड फिनाले उत्साहपूर्ण एवं खेल भावना के माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों की खेल भावना की सराहना की गई। कैरम प्रतियोगिता में मनोज बजाज एवं सुनील चावला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि शतरंज प्रतियोगिता में दुष्यंत वशिष्ठ विजेता रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कंवल,उपाध्यक्ष चंदर सहगल, सचिव अशोक वढेरा, वित्त सचिव प्रिंस विवेक तथा संयुक्त सचिव सुतीक्षण टंडन उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स कमेटी में एडवोकेट रवि जोशी (प्रधान), एडवोकेट अमित शर्मा (सचिव), एडवोकेट दीपक सूद (कैशियर), एडवोकेट रामनदीप जोशी (संयुक्त सचिव), एडवोकेट बृजेश अग्निहोत्री, एडवोकेट गौरव शर्मा, एडवोकेट सरबजोत सिंह, एडवोकेट विनय कश्यप तथा एडवोकेट युवप्रीत राजपाल शामिल थे। समारोह में एडवोकेट वरिंदर शर्मा,विवेक शर्मा,अशोक चावला, भारत भूषण, करण चावला, मनोज बजाज, सुनील शर्मा, दलजीत सिंह पनेसर, वी.के. बजाज, नरेश गाबा, राजेश जग्गी, ओ.पी. मिगलानी, निर्मल सिंह तथा रेफरी करण जोशी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# अदालत में पेश न होने पर दो फर्मों के डायरेक्टर्स भगौड़े घोषित, मामला हुआ दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। माननीय अदालत में दायर केस में पेश न होने पर कोर्ट द्वारा दो फर्मों के डायरेक्टर्स को भगौड़ा घोषित करने के ऑर्डर जारी कर दिए है। जिसके चलते पुलिस द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस ने एएसआई सुखदेव सिंह की शिकायत पर नई दिल्ली करोल बाग के दविंदरपाल सिंह कोहली और गुड़गांव सेक्टर-37 के कैलाश चंद शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। लेकिन अभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।




शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी दविंदर पाल सिंह कोहली जेईजी हॉस्पिटैलिटी होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है, जबकि आरोपी कैलाश चंद शर्मा कॉटन्स रिटेल प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ माननीय जेएमआईसी लुधियाना की अदालत में केस दायर है। यह केस दिनेश कत्याल द्वारा दायर किया हुआ है। लेकिन उक्त मामले में दोनों आरोपी अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए पेश नहीं हुए। अदालत द्वारा उन्हें कई बार नोटिस भेजकर सूचित किया गया। लेकिन आरोपी लगातार कानून का उल्लंघन करते रहे।

# मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में नए युग की शुरूआत : डॉ. अर्चना गुप्ता

चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 17 जुलाई भारतीय रेलवे और देश के लिए ऐतिहासिक दिन साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर हरित एवं आधुनिक रेलवे युग की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और ग्रीन एनर्जी मिशन की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि पूरी तरह भारत में डिजाइन और विकसित यह हाइड्रोजन ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच लगभग 89 किलोमीटर के मार्ग पर चलेगी तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी। इसके साथ ही भारत जर्मनी, जापान, अमेरिका और चीन जैसे उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने हाइड्रोजन रेल तकनीक को अपनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत स्टेशन योजना, आधुनिक रेल नेटवर्क और अब हाइड्रोजन ट्रेन जैसी परियोजनाएं भारतीय रेलवे को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिला रही हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनने का आह्वान किया।



# भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जल्द ही जींद से सोनीपत के बीच चलने के लिए तैयार है

नई दिल्ली/यूटर्न/16 जुलाई। हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर अपनी पहली स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन शुरू करके भारत हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें चलाने वाले देशों की लिस्ट में शामिल होने जा रहा है। यह प्रोजेक्ट भारतीय रेलवे की कार्बन उत्सर्जन कम करने और साफ-सुथरी टेक्नोलॉजी अपनाने की कोशिशों में एक बड़ा कदम है।



### यह ट्रेन किन स्टेशनों से होकर गुजरेगी?

हाइड्रोजन ट्रेन 12 स्टेशनों को कवर करेगी, जिनमें जींद शहर, पांडु पिंडारा, ललित खेड़ा, भाम्बेवा, ईशापुर खेड़ी, बुटाना, खंडराई, गोहाना, राभड़ा, लाठ, मोहाना हरियाणा और बरवासनी शामिल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रेलवे बोर्ड ने 8 जुलाई को नॉर्दर्न रेलवे को एक आधिकारिक सूचना जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि हाइड्रोजन ट्रेन नंबर 74010 अपनी रेगुलर सर्विस के दौरान सुबह 7:40 बजे जींद रेलवे स्टेशन से चलेगी और सुबह 9:40 बजे सोनीपत पहुँचेगी।

### हाइड्रोजन ट्रेन क्या है?

पारंपरिक डीजल या इलेक्ट्रिक ट्रेनों के उलट, जो ओवरहेड पावर लाइनों पर निर्भर करती हैं, हाइड्रोजन ट्रेन ट्रेन के अंदर ही बिजली बनाती है। यह हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को इलेक्ट्रिकल एनर्जी में बदलने के लिए हाइड्रोजन फ्यूल सेल का इस्तेमाल करती है, जिससे ट्रेन की मोटरें चलती हैं। इस केमिकल रिएक्शन से सिर्फ़ पानी की भाप और गर्मी निकलती है, जिससे यह ट्रांसपोर्ट का जीरो टेलपाइप एमिशन वाला जरिया बन जाता है।

### यह कैसे काम करती है?

ट्रेन कंप्रेस्ड हाइड्रोजन को अपने टैंकों में स्टोर करती है। फ्यूल सेल के अंदर, हाइड्रोजन हवा की ऑक्सीजन के साथ मिलकर इलेक्ट्रोकेमिकल रिएक्शन के जरिए बिजली बनाती है। वह बिजली ट्रेन को चलाती है, जबकि बची हुई एनर्जी लिथियम फेरो-फॉस्फेट बैटरी में स्टोर की जाती है।

### ट्रेन के पीछे की टेक्नोलॉजी

- 10 कोच वाली ट्रेन में शामिल हैं:
- आठ पैसेंजर कोच।
- दो ड्राइविंग पावर कारें, जिनमें हाइड्रोजन फ्यूल सेल और बैटरी सिस्टम लगे हैं।
- कुल पावर आउटपुट लगभग 2,400 'ह।
- अधिकतम ऑपरेशनल स्पीड 75 kmph.

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### Fake Loan App से ठगी हो जाए तो क्या करें?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल मोबाइल पर Instant Loan देने का दावा करने वाले कई Fake Loan Apps लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ये Apps पहले आसानी से Loan देने का वादा करते हैं और बाद में लोगों को ब्लैकमेल करना शुरू कर देते हैं।

अक्सर ऐसे Apps मोबाइल में Install होते ही Contact List, Gallery और अन्य जानकारी की अनुमति (Permission) मांगते हैं। बाद में इसी जानकारी का गलत इस्तेमाल करके लोगों को धमकाया जाता है और उनसे अतिरिक्त पैसे वसूले जाते हैं। यदि आप ऐसे Fraud का शिकार हो गए हैं, तो सबसे पहले उस App के माध्यम से कोई और भुगतान न करें। कई मामलों में पैसे देने के बाद भी ब्लैकमेलिंग बंद नहीं होती। इसके बाद उस App के Screenshot, Payment Details, Chat और Call Recording जैसे सभी साक्ष्य सुरक्षित रखें। तुरंत 1930 Cyber Helpline पर शिकायत करें या National Cyber Crime Reporting Portal पर Online Complaint दर्ज करें। यदि धमकी या ब्लैकमेल किया जा रहा है, तो नजदीकी पुलिस स्टेशन में भी शिकायत करें।

यदि App ने आपके Mobile की Permissions ले रखी हैं, तो उसे Uninstall करने से पहले उसकी Permissions बंद करें और अपने महत्वपूर्ण Password भी बदल दें।

कई लोग बदनामी के डर से शिकायत नहीं करते, जबकि समय पर की गई शिकायत आगे की ठगी रोकने में मदद कर सकती है।

निष्कर्ष: Fake Loan App से ठगी होने पर घबराएं नहीं और बार-बार पैसे न भेजें। सभी साक्ष्य सुरक्षित रखें, तुरंत Cyber Crime में शिकायत करें और अपने Mobile व Bank Accounts की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# नोटिस के 30 मिनट बाद जेसीबी पहुंची, आर-5 रोड पर कार्रवाई को लेकर अपटाउन स्कायला में हंगामा

## 400 परिवारों ने सुरक्षा दीवार तोड़ने का किया विरोध, बोले- शिकायत लंबित होने के बावजूद जल्दबाजी क्यों



जीरकपुर/यूटर्न/16 जुलाई। पीआर-7 रोड स्थित अपटाउन स्कायला सोसाइटी में प्रस्तावित आर-5 रोड को लेकर बुधवार को विवाद गहरा गया। सोसाइटी के निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने सड़क पर कथित अतिक्रमण का नोटिस चस्पा करने के महज 30 मिनट बाद ही दो जेसीबी मशीनें मौके पर भेज दीं।

### नगर परिषद का पक्ष

नगर परिषद जीरकपुर के बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ ने बताया कि सोसाइटी को पहले भी नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूरी कार्रवाई एडीसी मोहाली के निर्देशों के अनुसार की जा रही है तथा आर-5 रोड मास्टर प्लान का हिस्सा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे की कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की जाएगी।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले चंडीगढ़ हाई अलर्ट, धमकी भरी कॉल ने बढ़ाई सुरक्षा एजेंसियों की चिंता




चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को प्रस्तावित चंडीगढ़ और पंजाब दौरे से ठीक पहले सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हलचल तेज हो गई है। पीजीआई चंडीगढ़ को बम से उड़ाने की कथित धमकी से संबंधित कॉल पुलिस कंट्रोल रूम में मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ ऑपरेशन सेल, क्राइम ब्रांच और अन्य टीमें जांच में जुट गई। हालांकि, धमकी की सत्यता और कॉल करने वाले के संबंध में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। प्रधानमंत्री का यह दौरा सरकारी स्तर पर विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास से जुड़ा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायने कहीं अधिक व्यापक दिखाई दे रहे हैं। पीएम मोदी चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### दूसरों से जलने से पहले

हर किसी की जिंदगी देखने में बहुत आसान लगती है क्योंकि वो जिंदगी हमें नहीं जीनी पड़ रही होती। यकीन मानिये हर शख्स अंदर से थक चुका होता है पर उसकी मुस्कान पर पूरी ताजगी रहती है। पर सच्चाई हमें कभी सामने से दिखाई नहीं देती इसलिए हमें हर किसी की जिंदगी का सफर बड़ा मनोरम लगता है। हम कभी उसके रास्ते में आने वाले कांटों को नहीं देखते। अपनी अपनी जिंदगी के अपने अपने संघर्ष तय करते हुए हर इन्सान जीवन जीता है। तो किसी के जीवन के सुनहरे रंगों को देखने से पहले उसके अंधेरे जीवन की पूरी कहानी जरूर सुन लेनी चाहिए ताकि हमारे मन में यह सब्र रहे कि हम अकेले ही इस संसार के भंवर में नहीं फंसे। कोई कम तो कोई ज्यादा हर कोई इस संसारी दलदल में फंसा है तो दूसरों की तरक्की से जलन या मुकाबला करने से पहले उसकी तरक्की की मंजिल तक पहुँचते पहुँचते उसके पाँवों के नीचे पड़ने छाले जरूर देख लेना।

# कपड़े पर गंदा पानी डालने का विरोध करने पर की हत्या, कार सवार युवकों ने की वारदात

पंजाब/यूटर्न/16 जुलाई। कपूरथला के गांव नंगल लुबाना में कार से कपड़ों पर पानी के छींटे पड़ने का विरोध करने पर एक युवक पर चार युवकों ने तेजधार हथियारों से वार करके हत्या कर दी। सूचना मिलते ही बेगोवाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान गांव बेगोवाल के रहने वाले गुरमीत सिंह(38) के रुप में हुई है। पुलिस ने मृतक के पिता भजन सिंह के बयानों के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान गांव डाला के समीर उर्फ सैम और रायपुर पीर बख्श निवासी सतविंदरजीत सिंह उर्फ गौरव के रूप में हुई थी। वारदात के समय



कार समीर चला रहा था। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित पिता भजन सिंह ने बताया कि वह पेशे से किसान हैं। उनके दो बेटे हैं गुरमीत सिंह और इंद्रजीत सिंह है। छोटा बेटा इंद्रजीत सिंह अमेरिका में रहता है, जबकि बड़ा बेटा गुरमीत सिंह गांव में ही रहकर पिता के साथ खेती-बाड़ी के काम में हाथ बंटाता था।

### पहले धमकी देकर चले गए

भजन सिंह के अनुसार यह विवाद 15 जुलाई की रात करीब आठ बजे हुआ। गुरमीत सिंह और उसका भतीजा हरप्रीत सिंह नंगल लुबाना में अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान एक काले रंग की सुजुकी ब्रीजा गाड़ी बेहद तेज रफ्तार से वहां से गुजरी। सड़क पर जमा बारिश के पानी के छींटे गुरमीत सिंह के कपड़ों पर पड़ गए। जब गुरमीत ने गाड़ी रुकवाकर इस पर आपत्ति जताई, तो कार सवार युवक बहसबाजी और धमकियां देते हुए वहां से चले गए।

### पेट्रोल पंप जाते हुए किया हमला

भजन सिंह अनुसार रात करीब 9 बजे वे उनका बेटा गुरमीत और भतीजा हरप्रीत मुंडी रोड अड्डे पर खड़े थे, तभी बेगोवाल की तरफ से वही काले रंग की ब्रीजा कार आकर रुकी। कार में से इस बार चार लड़के उतरे, जिनमें से तीन के हाथों में तेजधार हथियार थे। आरोपियों ने गुरमीत को चारों तरफ से घेर लिया और उस पर हथियारों से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए और फिर मौके से फरार हो गए। ज्यादा चोटें आने के कारण गुरमीत की मौत हो गई।

# होम बेकर्स को मिला कारोबार बढ़ाने का मंच, बेकरी मीट-2026 में साझा हुए सफलता के मंत्र

## ट्राइसिटी सहित पंजाब-हरियाणा के बेकर्स ने की नेटवर्किंग, ब्रांडिंग और डिजिटल ग्रोथ पर हुई चर्चा

जीरकपुर/यूटर्न/16 जुलाई। होम बेकर्स और बेकिंग क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पावर इन हर कम्युनिटी और राइजिंग केक स्टार इंडिया की ओर से कॉस्मो मॉल, जीरकपुर में बेकरी मीट-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के विभिन्न शहरों



से पहुंचे होम बेकर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध मास्टर बेकर एवं मेंटर शेफ जशन बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ बेकिंग इंडस्ट्री में सफलता हासिल करने, अपना ब्रांड स्थापित करने और ग्राहकों के साथ भरोसेमंद संबंध बनाने से जुड़े अनुभव साझा किए।

## लालड़ू-हंडेसरा मार्ग पर खस्ताहाल सड़क बनी हादसों का कारण, स्कूल बस पर पलटने से बचा ट्रक

लालड़ू/यूटर्न/16 जुलाई। लालड़ू-हंडेसरा मार्ग पर स्थित गांव मलकपुर के नजदीक लिंक सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने गहरे खड्डे अब हादसों का बड़ा कारण बन रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा मंडराता रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं। वीरवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार, उक्त सड़क से एक सामान से लदा ट्रक और एक स्कूल बस आमने-सामने से गुजर रहे थे।

इसी दौरान ट्रक का टायर अचानक सड़क के गहरे खड्डे में जा गिरा, जिससे ट्रक असंतुलित होकर बस की ओर झुक गया। कुछ पल के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि ट्रक बस के ऊपर पलटने से बाल-बाल बच गया। बस चालक की सूझबूझ से तुरंत बच्चों को सुरक्षित बस से नीचे उतार लिया गया। इसके बाद काफी मशक्कत के बाद बस को वहां से निकाला गया और बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। घटना के समय बच्चों और ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहा।

## चंडीगढ़ नगर निगम का बड़ा फैसला: अब एनफोर्समेंट स्टाफ के लिए बॉडी-वॉर्न कैमरा अनिवार्य

चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। चंडीगढ़ नगर निगम ने पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए एनफोर्समेंट ब्रांच के सभी फील्ड कर्मचारियों के लिए बॉडी-वॉर्न कैमरा पहनना अनिवार्य कर दिया है। मेयर सौरभ जोशी के नेतृत्व में लागू की गई इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रवर्तन कार्रवाई को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाना है। मेयर सौरभ जोशी ने बताया कि अब नगर निगम की प्रत्येक



प्रवर्तन कार्रवाई डिजिटल रूप से रिकॉर्ड होगी। इससे कार्रवाई में पारदर्शिता बढ़ेगी, नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा और हर कार्रवाई का प्रमाण सुरक्षित रहेगा। नगर निगम ने सब-इंस्पेक्टरों, ड्राइवरों, मजदूरों तथा एनफोर्समेंट ब्रांच के अन्य फील्ड कर्मचारियों को बॉडी-वॉर्न कैमरे उपलब्ध करा दिए हैं। अब सभी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में होने वाली हर कार्रवाई के दौरान इन कैमरों का उपयोग करेंगे, जिससे आधिकारिक गतिविधियों की पूरी रिकॉर्डिंग होगी।

मेयर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों और प्रवर्तन कर्मचारियों, दोनों के हितों की रक्षा करना है।

## मनीमाजरा में घर से चोरी का मामला सुलझा, पूर्व ड्राइवर गिरफ्तार; चांदी के सिक्के, अंगूठी और घर की चाबी बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने मनीमाजरा क्षेत्र में घर से चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक पदार्फाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 10 चांदी के सिक्के, एक चांदी की अंगूठी और शिकायतकर्ता के घर की चाबी बरामद की है। पुलिस के अनुसार थाना मनीमाजरा में एफआईआर नंबर 73, दिनांक 15 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 305 और 317(2) के




अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता अंजू सिंगला ने पुलिस को बताया कि वह 30 जून 2026 को अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने गई थीं। वापस लौटने पर उन्होंने पाया कि घर से 70 हजार रुपये नकद, 24 चांदी के सिक्के और चांदी के आभूषण चोरी हो चुके हैं। घर के ताले टूटे नहीं थे। शिकायतकर्ता ने संदेह जताया कि उनके पूर्व ड्राइवर अनिल कुमार उर्फ काला ने कार से घर की अतिरिक्त चाबी लेकर अलमारी का ताला खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना मनीमाजरा के एसएचओ की निगरानी में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिरों से मिली सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मनीमाजरा समाधि गेट निवासी अनिल कुमार उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 चांदी के सिक्के, एक चांदी की अंगूठी तथा शिकायतकर्ता के घर की चाबी बरामद की। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की आगे की जांच जारी है।

## पीएम मोदी के दौरे से पहले नगर निगम का 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान तेज, सड़कों पर उतरे सफाई कर्मचारी

चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित चंडीगढ़ दौरे को लेकर नगर निगम ने शहरभर में 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान तेज कर दिया है। अभियान के तहत नगर निगम के सफाई कर्मचारी मुख्य सड़कों, चौकों और वीवीआईपी मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटे हैं। नगर निगम की टीमें सड़कों की सफाई, कूड़ा-कचरा हटाने, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और स्वच्छता




व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर कर रही हैं। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त कर स्वच्छ, हरित और व्यवस्थित चंडीगढ़ की छवि को मजबूत करना है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सफाई कर्मियों की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे। नगर निगम का कहना है कि 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान केवल वीवीआईपी दौरे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य शहर में स्थायी स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना और नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

यूटर्न टाइम

# राहुल दरबार बंदः चन्नी को नहीं मिली एंट्री, वारिंग की कुर्सी बरकरार

चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। कांग्रेस नेता और छद्बढ राहुल गांधी पंजाब कांग्रेस में बढ़ते गुटबाजी के बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी से मिलने से हिचकिचा रहे हैं, सूत्रों का कहना है कि चन्नी की अपॉइंटमेंट की रिक्वेस्ट को अभी तक कोई कन्फर्मेशन नहीं मिला है। ज्योग्राफिक रेफरेंस



यह डेवलपमेंट तब हुआ जब चन्नी और सीनियर नेता सुखजिंदर रंधावा ने गुरुवार दोपहर दिल्ली में अक्ळउ जनरल सेक्रेटरी रणदीप सुरजेवाला के साथ एक अहम मीटिंग की, जो पंजाब यूनिट में अंदरूनी कलह को सुलझाने के लिए पार्टी लीडरशिप द्वारा एक और राउंड की बातचीत से पहले हुई।

लगातार असंतोष के बावजूद, सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान पंजाब कांग्रेस चीफ अमरिंदर सिंह राजा वारिंग को बदलने के लिए तैयार नहीं है, जिससे संकेत मिलता है कि असेंबली चुनाव से पहले मौजूदा लीडरशिप बनी रहेगी।

बाद में, कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी (ऑर्गनाइजेशन) केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में पार्टी हेडक्वार्टर, इंदिरा भवन में पंजाब कांग्रेस के सीनियर नेताओं की एक मीटिंग हो रही है। मीटिंग में चन्नी, रंधावा, राणा गुरजीत सिंह और परगट सिंह समेत दूसरे लोग शामिल हो रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, चन्नी ने वेणुगोपाल से कहा कि वारिंग पार्टी को एकजुट रखने में नाकाम रहे हैं और चेतावनी दी कि उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए राज्य इकाई का प्रमुख बनाए रखने से स्थिति और बिगड़ सकती है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि राज्य नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा, वारिंग पंजाब कांग्रेस प्रमुख के रूप में बने रहेंगे, क्योंकि चन्नी खेमे की वेणुगोपाल के साथ चर्चा जारी है।

वारिंग के खिलाफ असंतोष पंजाब कांग्रेस नेताओं के एक वर्ग ने शुरू किया है, जिसमें चन्नी राज्य नेतृत्व में बदलाव की मांग करने वाली प्रमुख आवाजों में से एक के रूप में उभरे हैं। हालांकि, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मांग मानने से इनकार कर दिया है।

सूत्रों ने कहा कि राहुल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अक्ळउ के पंजाब प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल ने कहा है कि दबाव में राज्य अध्यक्ष को बदलने से गलत राजनीतिक संदेश जाएगा। समझा जाता है कि लीडरशिप राज्य यूनिट के अंदर मौजूदा जाति बैलेंस का भी ध्यान रख रही है, जिसमें वारिंग जाट सिख कम्युनिटी को रिप्रेजेंट करते हैं और चन्नी एक बड़ा दलित चेहरा हैं।

कांग्रेस लीडरशिप पंजाब असेंबली इलेक्शन की तैयारी तेज करते हुए अंदरूनी कलह को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है, साथ ही यह भी कह रही है कि ऑर्गेनाइजेशनल फैसले ग्रुप के दबाव में नहीं लिए जाएंगे।

# सीएम डिपो होल्डरों को बांटे लाइसेंस, बोले-कांग्रेस 500 करोड़ में बनाती है सीएम, मजीठिया पर भी साधा निशाना

पंजाब/यूटर्न/16 जुलाई। पंजाब सीएम भगवंत मान ने वीरवार को पंजाब के 2800 डिपो होल्डरों को नए लाइसेंस सौंपे। इस मौके पर मोहाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, इस दौरान सीएम ने अपने विरोधियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में लड़ाई सिर्फ कुर्सी के लिए है। जो अभी मिली नहीं, परमात्मा करे मिले भी नहीं। वहीं, अकाली दल की सरकार के समय लाल बत्ती की कार में नशा सप्लाई होता रहा। मजीठिया के इशारे पर होता था। उन्होंने कहा कि मजीठिया अब जेल से बाहर आकर मूंछों पर ताव देते हैं, जैसे कोई किला फतह करके आए हों। आए तो जमानत पर ही जेल से बाहर हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि एसजीपीसी ने पिछले दिनों मेरे खिलाफ गुरुद्वारों के बाहर पोस्टर लगाए कि भगवंत मान का बायकॉट करो। उन्होंने कहा कि बहबल कलां कांड जब हुआ तो सुखबीर बादल के पोस्टर भी लगवाए थे। वह तो श्री अकाल तख्त पर जाकर मान चुके हैं कि उन्होंने बेअदबियां करवाई हैं। सीएम ने बड़ा दावा किया अगर विरोधी दल गलती से सत्ता में आ गए तो सारी स्कीमें बंद कर देंगे।




## जो वेटर को टिप देते हैं, उन्हें डिपो होल्डर से क्या लेना-देना

सीएम ने कहा कि पुरानी सरकारों के समय ऐसे खुशियों वाले कार्यक्रम होने बंद हो गए थे। उन्हें राशन डिपुओं से क्या लेना था। जो वेटरों को दस-दस हजार रुपये टिप देते हों। जिनके खेतों में जाकर नहरें खत्म होती हैं, उन्हें मोगा का क्या पता। जिनके यहां सोने की टूटियों वाले नलों से पानी आता है, उन्हें पानी के मूल्य का क्या पता है। इसी हाल में तीन दिन पहले हमने बेलदारों को पक्का किया, जिन्होंने 25-25 साल काम किया। उन्होंने तो सोचा ही नहीं था कि हम पक्के होंगे।

## कांग्रेस में सीएम की कुर्सी का पड़ता है भाव

कांग्रेस पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा, पंजाब के बारे में विजन कौन दे रहा है? आज वेणुगोपाल ने बुलाया है। आज खड़गे ने बुला लिया। आज राहुल गांधी के सामने लड़ पड़े। उसके घर में मीटिंग है। एक कहता है, मैं तुम्हें नहीं जानता। दूसरा कहता है कि मैं तुम्हें नहीं बनने दूंगा। यह क्या कर रहे हैं? इन्होंने लोगों का मजाक उड़ाया हुआ है। साढ़े तीन करोड़ लोग हैं पंजाब में, उनकी भी बात कर लो। केवल अपनी कुर्सियों की बात है। लड़ाई सिर्फ कुर्सियों के लिए है। जो अभी तक मिली नहीं, परमात्मा करे मिले भी नहीं। जिस कुर्सी पर पहले ही लालची आंखें हैं। कहते हैं कि 500 करोड़ देकर मुख्यमंत्री बनता है। कांग्रेसियों ने ही रेट बताया है, मैंने रेट नहीं बताया।

# फेसबुक पर आईफोन खरीदने के नाम पर 99 हजार की ठगी

## एनआरआई की शिकायत पर महिला के खिलाफ केस दर्ज

मोहाली/यूटर्न/16 जुलाई। कनाडा निवासी एक एनआरआई से फेसबुक मार्केटप्लेस के जरिए आईफोन खरीदने के नाम पर 99 हजार रुपये की कथित ठगी करने के आरोप में मोहाली पुलिस ने एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई एडीजीपी, एनआरआई विंग पंजाब के आदेश पर की गई है।




शिकायतकर्ता अमरिंदर सिंह हुंदल ने 21 अप्रैल 2026 को एनआरआइ विंग में दी शिकायत में बताया था कि उन्होंने फेसबुक मार्केटप्लेस पर अपना आईफोन 17 प्रो मैक्स बिक्री के लिए सूचीबद्ध किया था। फेसबुक पर खुद को जैसमीन हुंदल बताने वाली युवती ने फोन खरीदने की इच्छा जताई और उन्हें वेव एस्टेट सेक्टर-85 मोहाली बुलाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि युवती ने फोन और खरीद की रसीद लेने के बाद मौके पर केवल 20 हजार रुपये दिए और शेष 99 हजार रुपये बाद में बैंक खाते में भेजने का भरोसा दिया।

*महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है।*
*इंस्पेक्टर सिमरन, जांच अधिकारी एनआरआई विंग*

शिकायत के अनुसार कई दिनों तक रकम मांगने पर आरोपी युवती टालमटोल करती रही। बाद में उसने फोन वापस करने के लिए बुलाया, लेकिन तय समय पर उसका मोबाइल बंद मिला। फ्लैट मालिक और देखरेख करने वाले व्यक्ति से संपर्क करने पर पता चला कि महिला ने उनके साथ भी भुगतान को लेकर कथित धोखाधड़ी की थी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि महिला ने 99 हजार रुपये भेजने की फर्जी रसीद भेजी, जबकि उनके बैंक खाते में कोई राशि नहीं पहुंची। एनआरआई विंग द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद रिपोर्ट एडीजीपी एनआरआई विंग को भेजी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की मंजूरी मिलने के बाद थाना एनआरआई मोहली ने आरोपी जैसमीन कौर निवासी विष्णु गार्डन पश्चिम दिल्ली के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) और 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# 'पंजाबियों का अपमान बर्दाश्त नहीं': निहंग बाबा राजा राज सिंह का भाजपा पर हमला

चंडीगढ़/यूटर्न/16 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित चंडीगढ़ दौरे से पहले सियासी माहौल गरमा गया है। चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर मोर्चा लगाए बैठे निहंग बाबा राजा राज सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए पंजाबियों के कथित अपमान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यदि पंजाबियों को ह्नइमोशनल ब्लडी फूलह्व कहा जा रहा है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आखिर पंजाब और चंडीगढ़ क्यों आ रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत में निहंग बाबा राजा राज सिंह ने कहा कि पंजाबियों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक नेता द्वारा पंजाबियों के लिए की गई कथित टिप्पणी ने पूरे पंजाब की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि जिस नेता ने यह कथित टिप्पणी की है, उसे तत्काल पार्टी से बाहर किया जाए। उनका कहना था कि यदि ऐसे लोग भाजपा में बने रहे तो आगामी चुनावों में पंजाब की जनता पार्टी को करारा जवाब देगी। निहंग बाबा राजा राज सिंह ने कहा, 'अगर पंजाबी ब्लडी फूल' हैं, तो प्रधानमंत्री यहां क्या करने आ रहे हैं? पंजाबियों ने हमेशा देश के लिए कुर्बानियां दी हैं। उनका अपमान किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



यूटर्न टाइम

# गिदड़विंडी में एसआर क्लेर का दौरा

## 'बूथ जीतो-चुनाव जीतो' के मंत्र के साथ कार्यकर्ताओं को दिया मिशन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/जुलाई। शिरोमणि अकाली दल को जमीनी स्तर पर और अधिक धारदार बनाने के उद्देश्य से पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य और पूर्व विधायक एस.आर. क्लेर ने आज गिदड़विंडी सर्कल के विभिन्न गांवों का सघन दौरा किया। इस दौरे का मुख्य लक्ष्य आगामी चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी की बूथ स्तर की इकाइयों को पुनर्गठित और सक्रिय करना था।

विभिन्न गांवों में कार्यकताओं के साथ संवाद करते हुए एस.आर. क्लेर ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सफलता की नींव उसके 'बूथ मैनेजमेंट' पर टिकी होती है। उन्होंने कार्यकताओं से आ'ान किया कि वे केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साझा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी के हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता का फीडबैक शीर्ष नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण है।



**संगठन में भरा जोश:** बैठक के दौरान क्लेर ने बूथ कमेटियों को और अधिक जवाबदेह बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाएं, ताकि पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और गहरा हो सके। इस दौरान पार्टी की मजबूती के लिए संकल्प लेते हुए अनेक स्थानीय नेता व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'भारत-अफ्रीका मुक्त व्यापार समझौते' का विरोध

## देश बचाओ मोर्चा ने जगरांव एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/जुलाई। 'देश बचाओ मोर्चा' ने आज जगरांव के एसडीएम के माध्यम से भारत सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें 'भारत-अफ्रीका मुक्त व्यापार समझौते' (FTA) को तत्काल रद्द करने की मांग की गई है। मोर्चा का तर्क है कि यह समझौता देश के किसानों, खेतिहर मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों और आम जनता के हितों के खिलाफ है।



### किसानों के लिए डेथ वारंट है यह समझौता

ज्ञापन में मोर्चा ने कड़े शब्दों में कहा है कि यह प्रस्तावित समझौता भारत के कृषि क्षेत्र, खाद्य सुरक्षा और आम लोगों की आजीविका के लिए एक बड़ा खतरा है। संगठन ने इसे 'मौत का फरमान' (डेथ वारंट) करार देते हुए कहा कि इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग

'देश बचाओ मोर्चा' के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि :'भारत-अफ्रीका मुक्त व्यापार समझौते' को पूरी तरह से रद्द किया जाए। देश के किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो 'देश बचाओ मोर्चा' पूरे देश में लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जन-आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।

# बलटाना में भाजपा ने चलाया विशेष सफाई अभियान, पौधे भी लगाए

## पार्षद देवेंद्र नेगी के नेतृत्व में वार्ड-3 में जुटे कार्यकर्ता और स्थानीय लोग



जीरकपुर/यूटर्न/16 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बलटाना के वार्ड नंबर-3 में गुरुवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत विशेष सफाई और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में भाजपा कार्यकताओं, स्थानीय निवासियों और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और आसपास के क्षेत्र की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व वार्ड नंबर-3 के पार्षद देवेंद्र नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए आम लोगों की भागीदारी सबसे जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एसएमएस संधू ने भी कार्यकताओं के साथ सड़कों की सफाई की। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

संधू ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसमें अपना योगदान देना चाहिए। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर इस सामाजिक अभियान को सफल बनाया। इसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पार्षद देवेंद्र नेगी और एसएमएस संधू ने कहा कि भविष्य में भी वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और अन्य जनहित से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# धार्मिक आयोजनों से आगे बढ़कर जनसेवा की मिसाल बनी रामलीला कमेटी

डेराबस्सी/यूटर्न/16 जुलाई। रामलीला मंचन, शोभायात्रा और दशहरा मेले के आयोजन के साथ सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय श्री रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड नंबर-812 डेराबस्सी ने नई कार्यकारिणी का गठन कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में रविंद्र वैष्णव लवली को एक बार फिर प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कमेटी विधानसभा क्षेत्र डेराबस्सी की सबसे पुरानी धार्मिक संस्थाओं में शामिल है। रामलीला के मंचन तक सीमित न रहते हुए संस्था ने शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। कमेटी की ओर से नई पीढ़ी को रामायण की शिक्षाओं से जोड़ने के लिए समय-समय पर परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।



# संदीप पब्बी बने माल विभाग एडवाइजर कमेटी के सदस्य, कहा- जनसेवा को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा

लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार द्वारा समाजसेवी एवं पार्टी कार्यकर्ता संदीप पब्बी को माल विभाग (रेवेन्यू) एडवाइजर कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त सदस्य संदीप पब्बी ने अपनी नियुक्ति पर पंजाब सरकार एवं आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करेंगे तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान और सरकार की जनहितकारी नीतियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी लगन से कार्य करेंगे। संदीप पब्बी ने विशेष रूप से हल्का नॉर्थ के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, पार्षद अमन बग्गा तथा लीगल एडवाइजर गौरव बग्गा का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विश्वास, मार्गदर्शन और सहयोग के कारण ही उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। इसके साथ ही उन्होंने सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम के उपप्रधान अनुज मदान, एडवोकेट यादविंदर मड़कन तथा नितिन भंडारी का भी विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया।



# 15 दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

## पीर मुछल्ला के लोगों ने नगर परिषद पर लगाया अनदेखी का आरोप, बीमारियां फैलने का खतरा





जीरकपुर/यूटर्न/16 जुलाई। पीर मुछल्ला क्षेत्र में पिछले करीब 15 दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। विभिन्न स्थानों पर सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर बहने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। दुर्गंध और गंदगी के कारण स्थानीय लोगों को संक्रमण तथा बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद और प्रशासन के प्रति रोष जताया है।

पार्षद गुरसेवक सिंह पूनिया सहित स्थानीय निवासी हर्ष ऋषि, सुखबीर सिंह लवली, विशेष कुमार, सतीश अरोड़ा, गोपाल कृष्ण, प्रदीप कुमार, अमरीक सिंह, राजेंद्र रंगा, लखविंदर शर्मा, राकेश मारकंडे, सुनील सूद और सुरेंद्र धीमान ने बताया कि सीवरेज समस्या को लेकर लगातार अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। निवासियों ने आरोप लगाया कि दो दिन पहले नगर परिषद की ओर से सीवरेज साफ करने के लिए मशीन भेजी गई थी, लेकिन एक स्थानीय आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता ने मशीन को वापस भेज दिया। लोगों के अनुसार कार्यकर्ता ने पहले किसी अन्य स्थान पर सफाई करवाने की बात कही थी, लेकिन वहां भी काम नहीं कराया गया। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नगर परिषद चुनाव में पीर मुछल्ला से आम आदमी पार्टी को अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने के कारण इलाके की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीर मुछल्ला नगर परिषद जीरकपुर के अधिकार क्षेत्र में आता है और यहां रहने वाले लोग भी अन्य क्षेत्रों की तरह समान नागरिक सुविधाओं के हकदार हैं। लोगों ने बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे नगर परिषद के नवनियुक्त प्रधान गुरप्रीत सिंह विर्क क्षेत्र में पहुंचे थे। उन्होंने कुछ मैनहोल के ढक्कन खुलवाकर निरीक्षण किया, लेकिन जिन स्थानों पर सीवरेज का पानी सड़कों पर बह रहा है, वहां न तो उचित निरीक्षण किया गया और न ही तत्काल राहत कार्य शुरू कराया गया। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि सीवरेज पाइपलाइन की जल्द मरम्मत करवाई जाए और समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

### आरोप राजनीति से प्रेरित : संदीप पूनिया

आम आदमी पार्टी के संदीप सिंह पूनिया ने सभी आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की सीवरेज सफाई मशीन क्षेत्र में पहुंची थी और शिवनगर में सीवर की ब्लॉकेज खोल दी गई है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर अभी सीवरेज का पानी सड़कों पर बह रहा है, वहां जमीन के नीचे सीवर की पाइप दब गई है। इसके कारण निकासी बाधित हो रही है। संबंधित पाइपलाइन की जल्द मरम्मत करवाकर समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

### जल्द बदली जाएगी क्षतिग्रस्त पाइप : जेई

'शिवनगर में सीवरेज की ब्लॉकेज खोल दी गई है। जहां सड़क के नीचे सीवरेज पाइप दब गई है, उसी कारण सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। जल्द ही खुदाई कर क्षतिग्रस्त पाइप को बदल दिया जाएगा। इसके बाद सीवर जाम और ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।'

# शहर की नामी मोंगा टायर्स फर्म के साथ 31.27 लाख की ठगी, सेल्समैन ने लोगों को टायर और व्हील बेचकर पेमेंट अपने खातों में डलवाई


राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/16 जुलाई। जीटी रोड ग्यासपुरा के पास मोंगा टायर्स फर्म के सेल्समैन ने फर्म के साथ ही 31.27 लाख रुपए की ठगी कर ली।

सेल्समैन ने कई कंपनियों को टायर एंड व्हील बेचकर उसकी पेमेंट अपने और जानकारों के खातों में ट्रांसफर करके अमानत में खियानत कर डाली। जब सेल्स मैनेजर को इसकी जानकारी मिली तो उसने पुलिस को शिकायत दी। थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस ने ग्यासपुरा चौक के सुखजीत सिंह भिंडर की शिकायत पर गुरपाल नगर के नितिन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एएसआई बिंदर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सुखजीत सिंह भिंडर ग्यासपुरा जीटी रोड पर स्थित मोंगा टायर प्राइवेट लिमिटिड में बतौर सेल्स मैनेजर के तौर पर नौकरी करता है। जबकि आरोपी उक्त फर्म में बतौर सेल्समैन नौकरी करता था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी द्वारा लंबे समय तक फर्म में काम किया गया। उसकी और से नौकरी के दौरान अलग-अलग फर्मों को टायर और




व्हील सेल किए गए थे। जिसकी कुल रकम 31 लाख 27 हजार 850 रुपए आई। लेकिन आरोपी द्वारा उक्त रकम फर्म के खाते में डलवाने की जगह अलग अलग समय में अपने और अपने जानकारों के खातों में ट्रांसफर करवाकर अमानत में खियानत की। जब शिकायतकर्ता ने फर्म का रिकॉर्ड चैक किया तो उसमें रकम का फर्क लगा। शक होने पर गहनता से जांच की गई तो उक्त आरोपी की ठगी का खुलासा हुआ। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372